तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

13 एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों से ही होगी धान...



14 साक्षरता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**बालोद।** सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन 31 अक्टूबर को 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन जिला पुलिस प्रशासन बालोद द्वारा किया गया। इस दौड़ में तीन दिवसीय प्राथमिक सहायता शिविर जमरूवा में आए जूनियर रेड क्रॉस के बच्चों ने अपनी सहभागिता दी। राज्य चेयरमेन तोमन साहू के निर्देशन में ये सभी बच्चे व प्रभारी शिक्षक एकता दौड़ में शामिल होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा और एकता के नारे लगाते हुए रैली वापस प्रारंभिक स्थल पर पहुंचा जहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद मोनिका ठाकुर ने रेडक्रास व पुलिस के जवानों को एकता की शपथ दिलाई। इस एकता दौड़ में रेडक्रास की वाइस चेयरमैन कमला वर्मा, शिविर संचालक अरूण साहू, जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार, ब्लाक संगठक संजय बंजारे, चन्द्रलेखा ठाकुर, लिलीपुष्पा एक्का, मधुमाला कौशल, हुमेश साहू, रीमा सोरी, नरेंद्र यादव, राजेश वर्मा अन्य प्रभारी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### तीन दिनी कबीर सत्संग समारोह जनवरी में

**बालोद/कलंगपुर।** प्रदेश स्तरीय कबीरपंथी साहू समाज के तत्वाधान में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह एवं कबीरपंथी साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 9, 10, 11 जनवरी 2026 को गुण्डरदेही में रखा जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए जिला कबीरपंथी साहू समाज द्वारा बैठक साहू सदन गुण्डरदेही में रखा गया था। जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों ने अपने विचार रखे, बैठक में सर्वसम्मति से आगामी जनवरी में होने वाले कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया, जिसमें कबीर साहेब का संदेश सर्व समाज में पहुंचे इसका उद्देश्य समाज के रहन–सहन खान–पान आचार व्यवहार में निखार लाना व शुद्ध सात्विक वातावरण निर्मित करना है, इस कार्यक्रम के माध्यम से कबीर साहेब के आदर्शों एवं विचारों को जनमानस के बीच पहुंचाया जाएगा जिससे लोगों में अच्छा प्रभाव ▶▶ शेष पेज 12 पर

# राज्य उत्सव में मोहंदीपाठ के 17 परिवारों को मिला पक्का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

मोहंदीपाठ में राज्य उत्सव पर्व पर 17 परिवारों को पीएम आवास में गृह प्रवेश कराया गया तथा पक्का मकान प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आज देश के लाखों जरूरतमंद परिवारों के लिए सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक और सुरक्षित आशियाने का सपना साकार करने का माध्यम बन चुकी है। बालोद जिले के विकासखंड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहंदीपाठ के रहने वाले ओम प्रकाश साहू का जीवन भी इस योजना से बदल गया है। ओम प्रकाश साहू 5 सदस्यीय परिवार के साथ वर्षों तक एक कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे थे, पूर्व में सड़क दुर्घटना में चोट लगने के कारण पारिवारिक व आर्थिक स्थिति खराब हो जाने से पक्की घर सिर्फ सपना बनकर रह गया था, बरसात आते ही हर साल छत और दीवारों की मरम्मत करनी पड़ती थी, लेकिन तेज बारिश में कच्चा घर ठहर नहीं पाता था। परिवार में पत्नी साधना साहू के वर्षों पुराना सपना था कि वह अपने बच्चों के सिर पर पक्की छत दे सकें। उनका यह सपना तब साकार हुआ जब उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सूची में आया। उन्होंने शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि का सदुपयोग करते हुए अपने ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ कच्चे घर की से मिली मुक्ति, अब पक्की छत के नीचे सुरक्षित जीवन

## कच्चे से पक्के मकान मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर



### भोथीपार के 8 परिवारों का पक्का घर का सपना हुआ साकार



बालोद। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खपरी ब के आश्रित ग्राम भोथीपार में विकासखण्ड स्तरीय सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार एवं राज्य शासन के संयुक्त प्रयासों से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पक्का मकान प्रदान कर गरीबी से सम्मान की ओर बढ़ाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ रजत जंयती के अवसर पर ग्राम भोथीपार, जो कि एक आदिवासी बाहुल्य ग्राम है, में 08 हितग्राहियों के पूर्ण आवासों में विधि–विधान से पूजा करते हुए गृह प्रवेश का कार्य संपन्न कराया गया, कई वर्ष पुराने खपरैल युक्त जर्जर आवास में रहने को मजबूर हितग्राहियों का पक्का आवास का सपना आज पूरा हो गया। गृह प्रवेश उत्सव के साथ ही नवीन स्वीकृत हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश पत्र भी प्रदान किया गया। जिससे नवीन स्वीकृत हितग्राहियों के चेहरे भी खिल उठे, कि उन्हें भी अब पक्के आशियाना मिल पाएगा। इस अवसर पर सरपंच लेखराम साहू, उपसरपंच महेन्द्र मंडावी उपस्थित थे।

## पर्व : देवउठनी एकादशी के साथ शुभ कार्यों की हुई शुरुआत

# गन्ने का मंडप सजाकर घर-घर में तुलसी विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में कल देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया गया। जिसके तहत सुबह से ही लोग तुलसी माता की पूजा अर्चना की सामग्रीयां बाजार मे खरीदते दिखे। कई स्थलों मे आज रविवार को भी देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। शनिवार को जहां बाजार में देवउठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी विवाह के लिए मंडप तैयार करने के लिए गन्ने की बिक्री बड़ी मात्र मे देखने को मिली, वही इस विवाह में पूजा के समय चढ़ाने वाले कई वस्तुएं बाजार मे बिकती दिखी। तुलसी विवाह में कांदा, कूसा व फल फूल व विशेष कमल फूल के साथ लाल भाजी चढ़ाई जाती है। जिसके कारण बाजार में खरीदादारी के लिए पहुंचे लोग बड़ी मात्र में कांदा, कूसा व लाल भाजी के साथ कमल फूल खरीदते दिखे।

वहीं मान्यता है कि माता तुलसी को रविवार के दिन पूजा अर्चना नही किया जाता और ना ही माता तुलसी में रविवार को पानी डाला जाता है। इसके कारण से कई ग्रामों में शनिवार को ही देवउठनी एकादशी का त्यौहार मनाया गया। जहां बाजार मे गन्ना सुबह 100 रूपये जोड़ी में बिकते दिख रहा था, वहीं शाम होते होते गन्ने का मूल्य घटकर 80 से 70 रूपये जोड़ी में आ गया। वही व्यापारियों ने कहा कि रविवार को भी कई ग्रामों में देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा, ऐसे मे रविवार को भी पर्व से जुड़े सामानो की बिक्री देखने को मिलेगी।

वही जिले में मनाए गए देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के पर्व के साथ ही शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। जिसके तहत अब सगाई से लेकर शादियो के आयोजन प्रारंभ होंगे।

■ तुलसी विवाह की तैयारियों से बाजारों में दिनभर रही रौनक





## एकादशी पर भक्ति और उल्लास का रहा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

देवउठनी एकादशी और तुलसी पूजा के पावन अवसर पर शनिवार को पूरे शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही महिलाएं और श्रद्धालु नए वस्त्र पहनकर तुलसी चौरे की साज-सज्जा में जुट गए। घर-घर में तुलसी माता का श्रृंगार किया गया, वहीं चौक-चौराहों पर गन्ने की मांग पूरे दिन बनी रही। दल्लीराजहरा शहर के बाजारों में गन्ना, पूजा सामग्री, दीपक, मिठाई और सजावटी वस्तुओं की खरीदी को लेकर खासा उत्साह रहा। जगह-जगह दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विधि-विधान से विवाह संस्कार किया। देवउठनी पर्व के साथ ही शादियों का शुभ मुहूर्त भी प्रारंभ हो गया, जिससे शहर में एक बार फिर रौनक लौट आई है। गन्ना इस पर्व का प्रमुख आकर्षण रहा। लोग तुलसी चौरे को सजाने और भगवान विष्णु को अर्पित करने के लिए गन्ना खोजते दिखे। शहर के मुख्य मार्गों, बाजार चौक, जैन भवन चौक, गुप्ता चौक और श्रमवीर चौक में गन्ना विक्रेताओं की खूब चहल-पहल रही।धार्मिक परंपरा के अनुसार, देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णु चार माह के योगनिद्रा से जागते हैं, जिसके साथ ही सभी शुभ मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। इसी अवसर पर तुलसी विवाह का आयोजन कर महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

**घर-घर में हुई तुलसी पूजा**



## तीन दिवसीय रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने किया आपदा प्रबंधन का अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत में जुनियर रेडक्रॉस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बालोद एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा तीन दिवसीय प्र शि क्ष ण कार्यशाला में फ्लैग होस्टींग, रेडक्रास प्रार्थना गीत, रेडक्रॉस ध्वजगीत के साथ शिविर संचालक प्राचार्य अरुण साहू ने रेडक्रॉस की गतिविधियों, रेडक्रॉस की स्थापना के उद्देश्य एवं इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान दी गयी।

जिला आपदा प्रबंधन एवं फायर ब्रिगेड के टीम द्वारा अलग अलग तरीके से लगी आग एवं उस आग पे काबू पाने के लिए आवश्यक सामग्री एवं उपकरण के द्वारा आग बुझाई गई एवं घरेलू आग विशेषकर एलपीजी सिलेंडर में लगने वाले आग को कैसे बुझाने के तरीके को डेमो करके बच्चों को दिखाया गया। विद्यार्थियों ने हैंडस आन प्रैक्टिस करके दिखाया। आपदा प्रबंधन टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रा—तिक आपदा से बचाने में हाथ से निर्मित बचाव सामाग्री का प्रदर्शन किया गया। द्वितीय सत्र में पार्ट में सेवा करने वाले गतिविधियों में सीपीआर के संबंध में संजय बंजारे द्वारा डेमो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिसमें सीपीआर कब क्यूं और कैसे संपूर्ण प्रक्रिया जिसमें एवं लुक लिशन फील एवं एक्ट नाट के पूरे प्रक्रिया करके दिखाया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के दुर्घटना में दिए जाने वाले प्राथमिक सहायता जैसे चक्कर आना, चोकिंग, मिगऍ और इमोबिलाइज करना के संबंध में बताया गया।

व्याख्याता मधुमाला कौशल द्वारा विभिन्न प्रकार की पट्टी हाथ, सिर, सीने, फोरहेड एवं टहने की चोंट जबड़े की पट्टी के बांधने के तरीके को बच्चों को सीखाया गया। छात्र छात्रओं ने व्याख्याता लिलिपुष्पा इक्का द्वारा विभिन्न प्रकार के जीव ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ आपदा प्रबंधन दल ने आग बुझाने और बचाव के तरीकों का किया प्रदर्शन





## माता-पिता की सेवा करने वाला संतान कभी असफल नहीं होता : चतुर्वेदी

# सेवा और संस्कार से बनता है जीवन सुंदरतम : आचार्य हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस शनिवार को वामन अवतार श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का श्रवण भागवताचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने भक्तों को कराया। प्रारंभ में मदनलाल, मीठालाल, चंपालाल, बद्रीनारायण केला, सौरभ राठी, राहुल राठी, आसकरण जैन, टावरी बेमेतरा सहित मातृशक्ति ने आचार्य श्री का पुष्प से स्वागत किया। चंचला लक्ष्मी का उदारता पूर्वक उपयोग करे।

भागवत आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कहा कि उतनी संपति अर्जित करो कि संपति विपत्ति का कारण ना बन पाए। अधिक संपति अर्जन से अहंकार ना पाए इसलिए भगवान भक्ति में सच्चे भाव के साथ जुड़े रहे दान धर्म करते रहे।चंचला लक्ष्मी का उपयोग नहीं करोगे तो जीवन में अनेकों समस्या घेरने लग जाएगी और जीवन असंतोष के चक्र जाल में फंस कर वेदनाओं से भरने लग जाएगा। दया धर्म उदारता के प्रसंग में धन का भरपूर उपयोग करे जीवन में विपत्ति दूर रहेगी।

**माता पिता कह सके सफल मनोरथ हो तुम्हारी-** आचार्य श्री ने कहा कि माता पिता गुरु को प्रणाम औपचारिक नहीं करे दोनों हाथ से चरण स्पर्श कर करे तब सफल मनोरथ हो तुम्हारी का आशीर्वाद मिलेगा जो फल दायक होगा। उन्होंने कहा कि माता पिता का तिरस्कार करने वाले संतान सुख शांति से नहीं रह सकता। आचार्य श्री ने कहा कि माता पिता के सच्ची सेवा करने वाला नालायक संतान भी लायक बन सकता है।माता पिता की सेवा करने वाले का भव सुंदर से सुंदरतम बनने लगता है। उन्होंने कहा कि मुझे दादा जी के सेवा करने का फल व्यास पीठ पर आसीन होकर आप लोगों के ▶▶ शेष पेज 12 पर



### अहंकार मुक्त जीवन जिए

आचार्यश्री ने कहा कि संपति धन पद पैसा ज्ञान की अधिकता होने लगती है तो अहंकार ना पाले। अहंकार सारे उपलब्धियों पर पानी फेरता है ,इससे बचने के लिए भागवत भगवान की अमृत वाणी को एकाग्रचित्त होकर आत्मसात करे संतो का सानिध्य प्राप्त कर अहंकार से बचने के उपायों को समझे। भगवान से निष्काम भक्ति प्राप्त करने आराधना करे आचार्य श्री ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुना कर स्थिति स्पष्ट किए। उन्होंने कहा कि अंतिम क्षण में प्रभु का स्मरण करें।

# परिजनों से धोखाधड़ी से हड़पी जमीन और मकान, बुजुर्ग ने दिया धरना

## परिवार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर बुजुर्ग ने जयस्तंभ चौक में किया प्रदर्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

परिवारिक लोगों के द्वारा धोखाधड़ी कर अपनी जमीन व मकान बेचने पर कई बार कार्यवाही की मांग तथा ज्ञापन सौपने के बाद मांग पूरी नही होने पर व्यक्ति ने जिला मुख्यालय के जय स्तंभ में पोस्टर के माध्यम से विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया, जिसे पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उक्त स्थल से हटाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 24 निवासी संतराम साहू 70 वर्ष ने अपने भाई और बहन पर धोखाधड़ी से उनकी जमीन और मकान बिकवा देने का आरोप लगाया है। जिसको लेकर वे लगातार अधिकारियो कर्मचारियो को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग कर रहे थे तथा उनका आरोप है कि इस मामले की शिकायत जनदर्शन, कलेक्टर, तहसीलदार और पुलिस थाने में कई बार की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा न्याय न मिलते देख व्यक्ति ने जय स्तंभ चौक बालोद में पोस्टर बैनर लगा धरना देना उचित समझा।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को समझाने की कोशिश की। लेकिन जब वह अपनी मांगों पर अड़े रहे, तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और धरना स्थल से बैनर को जब्त कर लिया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





## खबर संक्षेप

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र होंगे राज्योत्सव के मुख्य अतिथि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पुराना गंज मंडी, गंजपारा परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में संशोधन किया गया है। अब स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

### मैत्री कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** बीएसपी के सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत भिलाई मैत्री कॉलेज, रिसाली में विद्यार्थियों के लिए हिंदी और अंग्रेजी द्विभाषी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों तथा इसे रोकने में समाज की सामूहिक भूमिका पर विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम मंजरि गुप्ता, जबकि द्वितीय भारती साहू तथा तृतीय पुरस्कार कु. विनीता राय को प्रदान किया गया। सहायक प्रबंधक प्रफुल कुमार कारोड़े द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई व रेणू गुप्ता ने दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल सहित डॉ. डी. लक्ष्मी, और जीएम रूपम कुमार व वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक रुपेश कुरुप ने ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन निशा शाजी ने किया।

## पांच लाख बढ़ी सेल के हजारों अफसरों की ग्रेच्युटी

# छोटी दिवाली पर भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों को मिली दोहरी खुशी

### 50 प्रतिशत डीए बढ़ोत्तरी का सेल ने किया आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी प्लाटों के अधिकारियों व कर्मियों को दीपावली के बाद अब छोटी दिवाली को दोहरी खुशी मिली है। सेल ने कार्मिकों के अधिकतम ग्रेज्युटी सीमा को बढ़ा दिया है। सीलिंग को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख कर दिया है। इस आशय के आदेश के साथ अधिकारियों के खाते में राशि आने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इससे बीएसपी अधिकारियों में खुशी की लहर है।

उल्लेखनीय है कि डीपीई के थर्ड पे रिवीजन में सेल अधिकारियों की ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने का प्रावधान था। सेफी और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने इसके लिए इस्पात मंत्री व सेल चेयरमेन से भी मांग की थी। डीपीई की गाइड लाइन के अनुरुप सेल प्रबंधन ने अब ग्रच्युटी सीमा को बढ़ाकर 20 से 25 लाख रुपए कर दिया है। सेल ने इस आशय का आदेश सेल की सभी यूनिटों में लागू करने जारी कर दिया। अधिकारियों के खाते में बढ़ी हुई राशि आना भी शुरु हो गई है।



#### कर्मचारियों को भी लाभ

सेल प्रबंधन के ग्रेच्युटी बढ़ोत्तरी का लाभ अधिकारियों की तरह कर्मियों को भी मिल रहा है। सेल कर्मचारियों को डीए का लाभ पहले ही मिल रहा है। यूनियनों के मुताबिक कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर बढ़ी हुई राशि मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। ग्रेज्युटी बढ़ोत्तरी का प्रावधान पूर्व वेतन समझौता में था। इसके तहत अब रिटायर होने वाले कर्मचारी को 25 से 30 लाख रुपए ग्रज्युटी राशि मिलेगी। कर्मियो को यह फायदा 50 प्रतिशत डीए बढ़ जाने से हुआ है। एचएमएस के जीएस पीके मिश्रा ने कहा कि प्रबंधन के इस प्रयास से रिटायर होने वाले कर्मियो को लाभ होगा। रिटायर होने के बाद एक,एक रुपए महत्वपूर्ण होता है।

#### कर्मियों को अब लंबित एरियर्स का इंतजार

बीएसपी कर्मचारियों को अब आगे वर्षों से लंबित एरियर्स भुगतान का इंतजार है। हजारों सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स वर्ष 2017 से लंबित है। यूनियनों के मुताबिक दिल्ली में एनजेसीएस कमेटी की पिछले वेतन समझौता को लेकर दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में सभी श्रमिक संगठनों ने एकजुटता से लंबित एरियर्स भुगतान की मांग की थी। प्रबंधन ने आश्वस्त भी किय था लेकिन अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

आदेश में 51.8 प्रतिशत डीए वर्ष 2017 में पे स्केल के लिए प्रभावी हुआ है। पचास फीसदी डीए बढ़ने से अधिकारियों को सेवानिवृत्ति बाद लाखों का लाभ होगा। ओए व सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि थर्ड पीआरसी की गाइड लाइन के अनुसार डीए 50 प्रतिशत से अधिक होने के कारण ग्रज्युटी की सीमा 20 से 25 लाख रुपए हो गई है। इसके तहत ही सेल ग्रेच्युटी बढ़ने का सुर्कलर जारी कर दिया है। उन्होंने इसके लिए उच्च प्रबंधन के प्रति आभार जताया है। ओए के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह ने भी उच्च प्रबंधन के ग्रेच्युटी बढ़ोत्तरी के कदम को सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का हौसला बढ़ेगा।

# राज्योत्सव को लेकर पुरानी गंजमंडी के आसपास भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

### बाहर से आने वाले सभी भारी वाहनों के रूट डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



राज्योत्सव को लेकर पुरानी गंजमंडी में 2 से 4 नवंबर के मध्य कई कार्यक्रम आयोजित हैं। इस वजह से जीई रोड पर वीआईपी गतिविधियां बढ़ेंगी। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने इस क्षेत्र में आवाजाही वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किए हैं, साथ ही अलग-अलग जगहों पर पार्किंग के इंतजाम किए हैं।

■ पुलिस लाइन और जेआरडी स्कूल में दी गई पार्किंग

कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार के सामने दो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। वीवीआईपी प्रवेश द्वार पीछे की तरफ बनाया गया है। इसी जगह पर पार्किंग स्थल तय किया गया है। सामान्य लोगों के लिए पुलिस लाइन, जेआरडी स्कूल में पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं। 1 नवम्बर की सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक दुर्ग शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुलगांव चौक से आने वाले वाहनों को बायपास मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया है।

धमधा नाका से प्रवेश करने वाले वाहनों को नेहरू नगर मार्ग की ओर भेजा जाएगा। गुरुद्वारा तिराहा एवं नेहरू नगर क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। कार्यक्रम स्थल के आसपास के मार्गों पर नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है, जहां केवल अधिकृत वाहनों एवं आपातकालीन सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के पास ही पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है।

## रिटायर होने पर जीएस पीके मिश्रा को सीजीएम और यूनियनों ने दी विदाई



**भिलाई।** अपनी सादगी और संघर्ष के लिए चर्चित एचएमएस यूनियन भिलाई के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्रा आज 31 अक्टूबर को सेल भिलाई इस्पात संयंत्र में 33 साल नौकरी के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें रिटायर होने पर बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक और ट्रेड यूनियनों के साथियों ने भावभीनी विदायी दी। श्री मिश्रा ने श्रमिक कल्याण व उत्पादन की फौलादी संस्कृति वाले बीएसपी में अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभव को अविस्मरणीय बताया। कोल इंडिया के बाद सेल में दीर्घ सेवा देने वाले श्री मिश्र यहां बीएसपी में एसएमएस- 3 में इंचार्ज चार्जमेन कम मास्टर टेक्निशियन के पद पर कार्यरत थे। उन्हें सेवानिवृत्त होने पर सीजीएम त्रिभुवन बैठा ने सम्मानित किया व शुभकामनाएं दीं। भिलाई निवास में भी श्रमिक संगठनों के साथियों ने भी बीएसपी में कर्मचारी हितों के लिए वर्षों संघर्ष को याद करते हुए सेवानिवृत्ति पर बधाई दी। इस अवसर पर एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी संजय पांडे,राजेश टिकरिहा, भिलाई पब्लिक स्कूल के संचालक हरदयाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर बताए नशे के दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञातव्य है कि 31अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिन्हित करते हुए इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता मेहुरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक चौकी प्रभारी मचांदुर नेमन सिंह साहू एवं आरक्षक सेवक राम धीवर उपस्थित हुए। साहू ने साइबर क्राइम, नशा मुक्ति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों के साथ जानकारी साझा की एवं विद्यार्थी जीवन में नशे से दूर रहने तथा साइबर ठगी से बचने के उपायों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों नीलम संजीव एक्का, डॉ कल्याणी, डॉ नीलम, जागृति चंद्राकर, मुकेश सिन्हा, डॉ रामेश्वरी दास सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार टांडेकर ने किया।

### कलेक्टर ने एकता दिवस पर दिलाई शपथ

**दुर्ग।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की शपथ दिलायी।

### जिले में आधार अपडेशन कार्य जारी

**दुर्ग।** 29 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक जिले के चिन्हित सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन एवं आधार अपडेशन 29 अक्टूबर से निरंतर चल रहा है। 30 अक्टूबर को 1642 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 292 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया। 34 केन्द्रों में शिविर लगाया गया। जिसमें 2043 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 256 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया।

## आफिसर्स एसो. का सम्मान समारोह, सेवानिवृत्त अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सितम्बर और अक्टूबर सेवानिवृत्त अधिकारियों सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन व आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमा, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा उपाध्यक्ष रेमी थॉमस, उपाध्यक्ष माईस नीतेश छत्री, सचिव प्रहलाद मौर्य उपस्थित थे।

सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए डॉ. रविन्द्रनाथ एम, ईडी डॉ सौरव मुखर्जी, सीएमओ सनजो कुमार, डीजीएम राजकुमार नायर, एजीएम अशोक कुमार गुप्ता, देवेन्द्र कुमार वर्मा, विजय कुमार नगपुरे, प्रहलाद स्वरूप वर्मा, असिस्टेंट मैनेजर तथा अक्टूबर माह में रिटायर हुए मनमोहन, जीएम, कैलाश मल्होत्रा, जीएम इंचार्ज, मुकुल जगदेव, डीजीएम शरद निगम, एजीएम शिवराम सिंह रघुवंशी,एजीएम नरेन्द्र इंग्ले अजय कौशल, प्रशांत कुमार जैन, गिरिन्द्र मोहन, सीनियर मैनेजर प्रदीप कुमार, डिप्टी मैनेजर वेंका जर्नादन राव, असिस्टेंट मैनेजर का सम्मान अभिनंदन पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया।



सेवानिवृत्तों ने सेवा काल के अविस्मरणीय क्षणों को साझा किया। नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने सदैव ही अधिकारियों के मुद्दों के प्रति सजग रहा है और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किया है।अंकुर मिश्रा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन ओए सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जोनल प्रतिनिधि संजय तिवारी, निमेश कुमार गुप्ता, प्रवीण मराठे, एस सी साहू, मिलिंद बंसोड़, विरेन्द्र सिंह, अलंकार भिवगड़े, अंकुर राठौर आदि उपस्थित थे।

## जेएलएन अस्पताल में विश्व रेबीज दिवस मना



**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 भिलाई ने विश्व रेबीज दिवस एवं सप्ताह का आयोजन किया गया। तत्कालीन कार्यपालक निदेशक डॉ. रविंद्रनाथ एम मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी उपस्थित थे। बाल रोग वार्ड में विशेष जागरूकता सत्र हुए। अस्पताल के फार्मेसी, आपातकालीन कक्ष और ओपीडी में इंटरैक्टिव कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अंजोरा, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, मर्रा (पाटन ब्लॉक) तथा राजहरा माइंस अस्पताल में भी आयोजित किया गया। इन सत्रों में प्रतिभागियों को रेबीज की रोकथाम के लिए प्रमुख उपायों जैसे घाव की उचित देखभाल, समय पर पोस्ट-एक्सपोज़र टीकाकरण, रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन के उपयोग और प्रारंभिक चिकित्सा परामर्श के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस जन-जागरूकता पहल से 470 से अधिक प्रतिभागियों को लाभ हुआ, जिनमें मरीज, परिचारक, विद्यार्थी, शिक्षक और चिकित्सालय कर्मचारी शामिल थे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की गई जान

**भिलाई।** दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात 9.3 बजे कार सीजी 07 सीटी 2740 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 07 सीएन 6683 के चालक को जोरदार ठोकर मार दिया। घटना में बाइक सवार कोहका निवासी रवि कुमार ठाकरे को शरीर में गंभीर चोट आई थी। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को रवि ने दम तोड़ दिया।घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मैत्रीबाग में पालतू व बाहर के बंदरों की दोस्ताना शरारत बनी आकर्षण

**भिलाई।** मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पालतू और बाहर के बंदरों के बीच दोस्ताना उछलकूद पर्यटकों को खूब रोमांचित कर रही है। आगंतुक बंदरों की शरारतों का यहां आने वाले लोग खासकर नन्हे सैलानी जमकर मजा ले रहे हैं। उनके कैज में बंद लंगूरों को देने वाले खाने की सामग्रियों पर जंगली बंदर हाथ साफ किए जा रहे हैं।

ठंडी का मौसम शुरु होते ही मैत्रीबाग जू में पर्यटकों का आमद बढ़ रही है। इनमें ट्विनसिटी के साथ आसपास के गांवों और कस्बों के साथ लोग घूमने के लिए यहां आ रहे हैं। सैलानियों में यंगस्टर के साथ बच्चों की खासी तादाद है। मैत्रीबाग के बड्र्स काम्पेक्स में तीन कैजों में दर्जनभर पालतू बंदर हैं। यह बंदर रेसेस, लाल मुंह व काले मुंह वाले प्रजाति के हैं। इन दिनों दिलचस्प नजारा यह है कि इन पालतू बंदरों के कैज (जालीदार पिंजरों) के शेड पर बाहर के भी जंगली बंदरों का डेरा होता है। जैसे ही पर्यटक जाम, संतरा, खीरा आदि मैत्रीबाग के बंदरों के खाने के लिए अंदर फेकते हैं, ऊपर बैठे बाहर के बंदर झपट्टा मार लेते हैं। कभी यह बंदर अपनी पूंछ तो कभी गर्दन लटकाकर दोस्ताना शरारत करते भी दिखाई देते हैं।



## गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी से भड़का सतनामी समाज, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

सतनामी समाज के आराध्य और धर्मगुरु बाबा गुरु घासीदास के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र और अश्लील टिप्पणी किए जाने से पूरे समाज में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। इस निंदनीय कृत्य से आहत होकर सतनामी समाज के सैकड़ों लोग शुक्रवार को पाटन थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम कुर्रे और मोती बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन थाने के बाहर एकत्र हुए। लोगों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की।



इस दौरान समाज के लोगों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास करोड़ों अनुयायियों के पूज्य संत हैं, जिन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा संदेश दिया। ऐसे महापुरुष के प्रति अभद्र टिप्पणी करना न केवल समाज की भावनाओं का अपमान है।

## पेज 11 के शेष...

### राज्य उत्सव में...

सपनों का आशियाना तैयार कर लिया। आज उनका मकान न सिर्फ उनके परिवार को सुरक्षा और सम्मान दे रहा है, बल्कि वह गांव के अन्य लोगों के लिए एक मॉडल आवास बन गया है। वही आज आत्मसम्मान के साथ स्वरोजगार से बड़ी खुशी से अपने परिवार के साथ जीवन जी रहा है।

उन्होंने बताया कि इस योजना ने न केवल उन्हें छत दी, बल्कि डर और असुरक्षा की जिंदगी से मुक्ति दिलाई। आज उनका पूरा परिवार सुरक्षित पक्के मकान में खुशी से जीवन यापन कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और सरकार की जनकल्याणकारी सोच के प्रति आभार जताते हुए कहा, हर किसी का सपना होता है एक पक्का घर, सरकार ने हमारे जैसे जरूरतमंदों का वह सपना पूरा की।

### तीन दिनी कबीर सत्संग...

पड़े। इस अवसर पर आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष सतीश कुमार साहू कलंगपुर को बनाया गया है, उपाध्यक्ष के रूप में गुलशन कुमार साहू अर्जुनी को बनाया गया है साथ ही सचिव घनाराम साहू अर्जुनी, संगठन सचिव छम्मन साहू, कोषाध्यक्ष बंशीलाल साहू, संरक्षकगण धीराज सिंह साहू मुंडेरा, नेतराम साहू चंदनबिरही, पूर्व जिला साहू संघ अध्यक्ष किशोरी साहू व पूर्व प्रदेशपदाधिकारी रमेश सोनवानी, जिला अध्यक्ष कल्याण साहू, केवल राम साहू, जेएल साहू, हीरालाल साहू, केआर कुल्हारे, बल्दुराम साहू, सुभाष साहू सहित वरिष्ठ सामाजिक बंधुओ को आगे और पदाधिकारी बनाये जायेंगे। कार्यक्रम में समाज से सहयोग लेकर कार्यक्रम को बहुत व्यवस्थित रूप से करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश पदाधिकारीयो से मीटिंग लेकर आगे का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा।

### तीन दिवसीय रेडक्रॉस...

जंतु के बाईट्स जैसे मधुमक्खी, सर्प, बिच्छू, डाग, मंकी के बाईट पर दिए जाने वाले प्राथमिक सहायता साबुन एवं रनिंग वाटर से धोना एवं जल्दी से जल्दी स्वास्थ्य केंद्र की ओर जाने के लिए प्रेरित करना सीखाया गया। बच्चों ने मरीज को सुरक्षित तरीके से सही जगह पर ले जाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्ट्रेचर बनाना सीखाया गया।

द्वतीय दिवस में प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबंधन के तरीके को जाना एवं समझा। संध्या कालीन समय में ग्रेन्ड कैम्प फायर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य चेयरमेन तोमन साहू, जिला चेयरमैन रेडक्रॉस बालोद डॉ प्रदीप जैन एवं जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी, वाइस चेयरमेन कमला वर्मा, प्रबंध समिति सदस्य डॉ एके महिश्वर, शरद ठाकुर, दिनेश तापड़िया, दिनेश साहू, शशी कला देशमुख, कादम्बिनी यादव, अंचल प्रकाश साहू, ग्राम पंचायत जमरुवा की सरपंच महेश्वरी उर्वरा शिविर संचालक अरूण साहू, दुर्गेश नंदिनी यादव, रेडक्रास बालोद के कोषाध्यक्ष रूपनारायण देशमुख, सीमा सुशील जामवन्ते की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

शिविर संचालक अरूण साहू ने बताया कि पुराने समय में मंनोरंजन का साधन कम हुआ करते थे और अपने मंनोरंजन के लिए कैम्प फायर का आयोजन आग जलाकर किया जाता है। शशीकला देशमुख द्वारा शिक्षा विभाग में 43 वर्ष की सेवा देने पर रेडक्रास सोसायटी बालोद ने शाल–श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें विदाई दी गयी। डॉ प्रदीप जैन ने बच्चों के द्वारा त्वरित सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार कर प्रदर्शन की तारीफ किये और कहा कि इस मंच में आना ही बहुत बड़ी बात है। राज्य चेयरमेन तोमन साहू ने कहा कि आप सभी प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण अच्छे से लेकर अपने स्कूल के बच्चों को सिखाए व समय समय पर रेडक्रास की गतिविधियों में शामिल हो। शिविर को सफल बनाने में जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार, कादम्बिनी यादव, मधुमाला कौशल, लिलीपुष्पा एक्का, हुमेश साहू, मनमोहन धाकड़, रोहित देशमुख, संजय बंजारे, नरेन्द्र यादव, राजेश वर्मा, विक्की साहू, चित्रलेखा ठाकुर एवं अन्य सदस्यों का सहयोग मिला।

### सेवा और संस्कार...

बीच अमृत वाणी ज्ञान गंगा प्रवाहित करने का मिल रहा है।

**बुढ़ापा मृत्यु का आभूषण है-** आचार्य श्री ने कहा कि भगवान की भक्ति प्रेम बचपन और जवानी में होनी चाहिए बुढ़ापे में भक्ति का सोचना बेमानी है शक्ति रहते भक्ति कर लेना चाहिए बुढ़ापा में शक्ति छीन होने लगती है तब जीवन का सफर अंगों की शिथिलता के साथ शुरू हो जाती है और अंगों के प्रबंधन और दर्द में ही समय कट जाती है। बचपन और जवानी ऊर्जावान होती है और जो इस अवधि में नहीं भटके धर्म से गहरा नाता जोड़कर दिनचर्या का पालन करते है उनका भव सुंदर से सुंदरतम बनने लगता है। आचार्य श्री ने कहा कि भटकती राहों की साक्षी कोई नहीं है करके गलतफहमी में खुशी ना पाले क्योंकि आपकी आत्मा आपकी साक्षी है जो मृत्यु के बाद भी गवाही देने साथ खड़ी रहेगी।

### एमआईसी की बैठक में लिया गया निर्णय

# डॉ. सुरेंद्र दुबे के नाम से जाना जाएगा जेल तिराहा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग में आयोजित महापौर परिषद एमआईसी की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। जेल तिराहा अटल परिसर से पुलगांव चौक तक का नामकरण कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे के नाम पर किए जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। जिसमें आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

■ सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



महापौर अलका बाघमार ने बताया कि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ के हास्य कवि, साहित्यकार और विद्वान हैं, जिन्होंने अपने लेखन और मंचीय प्रस्तुति से राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। ऐसे प्रतिभाशाली साहित्यकार के नाम पर मार्ग का नामकरण करना पूरे शहर के लिए गर्व की बात है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय नगर निगम की उस भावना का प्रतीक है, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों साहित्य, कला और संस्कृति को समान सम्मान दिया जाता है। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, शशि साहू, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, गिरीश दीवान, आरके जैन, प्रकाश चन्द थावानी, दुर्गेश गुप्ता, रेवाराम मनु, आरके बोरकर सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

### साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने किया स्वागत

इस प्रस्ताव का शहर के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने स्वागत किया है। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी कि किसी प्रमुख सड़क या चौक को डॉ. दुबे के नाम से जोड़ा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान से परिचित हो सकें। इस अवसर पर एमआईसी सदस्यों ने कहा कि ऐसे निर्णय शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत बनाते हैं। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर यह निर्णय शहर के साहित्यिक समुदाय के लिए सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है।

**खबर संक्षेप**



### ट्रांसफार्मर में गन्ना डालने से बंद हुई बिजली, समय पर सतर्कता से बची जनहानि

**दल्लीराजहरा।** पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक गन्ना विक्रेता की असावधानी से शनिवार को बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, गन्ना बेचते समय विक्रेता ने अनजाने में पूरा गन्ना पास स्थित बिजली ट्रांसफार्मर के अंदर डाल दिया। उस समय लाइन चालू थी, जिससे किसी भी क्षण गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। हालांकि कुछ टाइम के लिए विद्युत बंद हो गई थी जिसे विद्युत विभाग ने आकर दुरुस्त किया।
बिजली विभाग के अधिकारियों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी और स्थिति को नियंत्रित किया। विभाग ने स्पष्ट किया कि ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा घेरा पहले से मौजूद था, लेकिन लोगों की असावधानी और लापरवाही के चलते इस तरह की घटनाएं घटित होती हैं। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि ट्रांसफार्मर, विद्युत खंभों या तारों के पास कोई भी वस्तु न रखें और न ही किसी भी कारणवश उनके समीप जाएं। यह जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों ने भी माना कि गलती गन्ना विक्रेता की थी, जिसने अनजाने में जोखिम उठाया। सौभाग्य से समय पर कार्रवाई के चलते किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

### बालोद जिला राज्योत्सव आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले वासियों से छत्तीसगढ़ राज्य के स्वर्णिम 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में 02 नवम्बर से 04 नवम्बर तक आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में शामिल होकर इस गरिमामय समारोह के महत्वपूर्ण पल का साक्षी बनने की अपील की है।



कलेक्टर मिश्रा ने बालोद जिले वासियों को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25वें वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में शामिल होकर रजत महोत्सव में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

### मैत्री कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** बीएसपी के सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत भिलाई मैत्री कॉलेज, रिसाली में विद्यार्थियों के लिए हिंदी और अंग्रेज़ी द्विभाषी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों तथा इसे रोकने में समाज की सामूहिक भूमिका पर विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम मंजरि गुप्ता, जबकि द्वितीय भारती साहू तथा तृतीय पुरस्कार कु. विनीता राय को प्रदान किया गया। सहायक प्रबंधक प्रफुल कुमार कारोड़े द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई व रेणू गुप्ता ने दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला।

**तैयारी : संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन, किसानों को डिजिटल माध्यम से मिलेगा भुगतान**

# एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों से ही होगी धान खरीदी : कलेक्टर दिव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेसवार्ता ली। उन्होंने प्रेसवार्ता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) राज्योत्सव, धान खरीदी, यूनिटी मार्च के संबंध में चर्चा की।

- जिले में 160 उपार्जन केंद्रों पर होगी धान खरीदी, उड़नदस्ता दल करेगा निगरानी

उन्होने बताया खरीफ विपणन वर्श 2025–26 में एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों से ही समर्थन एवं लिकिंग मे धान खरीदी की जाएगी। किसानो का पंजीयन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक पूर्ण की जानी है। खरीफ वर्श 2025–26 मे समर्थन एवं लिकिंग पर 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान की खरीदी की जाएगी। सोमवार से शुक्रवार अवकाश दिवस को छोड़कर धान की खरीदी की जावेगी। इस वर्श धान खरीदी हेतु कुल 52 कार्य दिवस मिलेंगे। धान खरीदी हेतु किसानो को अपने मोबाईल से 70 प्रतिशत टोकन एवं समिति द्वारा 30 प्रतिशत टोकन प्राप्त करने की सुविधा होगी। सर्वप्रथम धान खरीदी हेतु सीमांत एवं लघु कृशको का प्राथमिकता के आधार पर टोकन जारी किए जाने का प्रावधान किया जा रहा है। सीमांत एवं लघु कृशक अपने धान को 02 टोकन एवं दीर्घ कृशक को 03 टोकन प्राप्त कर धान विक्रय की पात्रता होगी। एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानो को स्वयं उपस्थित होकर उनके द्वारा बनाये गए नामिनी के द्वारा ट्रस्टेट पर्सन के माध्यम से अपना धान विक्रय कर सकते है। किसान अपने उत्पादित धान साफ सुथरा, 17 प्रतिशत तक नमी का धान औसत अच्छी किस्म का लायेंगे, जिससे कि उन्हे उपार्जन केन्द्र मे किसी प्रकार की समस्या ना हो। धान खरीदी सुव्यवस्थित ढंग से किए जाने हेतु प्रत्येक समिति स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारियो को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उनके सहयोग के लिए प्रत्येक उपार्जन केन्द्र स्तर पर एक समिति का गठन भी किया गया है जो प्रत्येक दिवस टोकन प्राप्त कर लाये गए किसानो के धान की नमी, गुणवत्ता की जांच करेंगी। वर्तमान मे समर्थन मूल्य पर की जा रही खरीदी हेतु कुल 144 समितियां के कुल 160 खरीदी केन्द्र है। पंजीकृत किसान 151850 है। पंजीकृत धान का रकबा 142667.84 हे. है। धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 821517 मेट्रिक टन है। इस वर्श 22 नवीन समितियां व 17 धान खरीदी केन्द्र स्थापित किए गए है। गत वर्श के पंजीकृत किसानो का पंजीयन निरस्त मृत व अन्य कारण में 3589 है। इस वर्श नवीन पंजीकृत किसान 5532 है।

**धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनाने जिला प्रशासन तैयारः कलेक्टर**



धान के अवैध परिवहन एवं अवैध खरीदी की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन भी किया गया है, इसके अतिरिक्त मुख्यालय द्वारा इंटिग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल केन्द्र स्थापित की जा रही है जो कि जिले मे स्थापित कमांड एवं कंट्रोल के दल को अलर्ट भेंजेंगे। जिसका उद्दे"य राईस मिलर के धान की गाड़ी या परिवहनकर्ता के धान की अपने रूट चार्ट से यदि दूसरे रूट पर डायवर्ट होने पर उस जिले को तत्काल अलर्ट प्राप्त होगी, जिसका जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। सभी उपार्जन केन्द्र में मूलभूत सुविधा प्रदाय की जा रही है। जिला विपणन अधिकारी द्वारा उपार्जन केन्द्रो मे नवीन जूट बारदाने एवं राईस मिलरो एवं पीडीएस बारदानो को भी प्रदान करना प्रारंभ कर दिया है। इस वर्श भी धान की खरीदी नवीन एवं पुराने बारदाने में 50:50 में धान की खरीदी की जावेगी। संपूर्ण धान खरीदी का कार्य ऑनलाईन कम्प्यूटराईज्ड किया जावेगा। किसानों का भुगतान भी ऑनलाईन डिजीटल मोड में प्रदाय होगी।

# परियोजना स्तरीय जन आंदोलन जागरूकता शिविर हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

परियोजना डोंडी 01 अंतर्गत परियोजना स्तरीय जन आंदोलन जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम सलाहइटोला में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नूरेटी व जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच महेश्वरी गौर द्वारा किया गया। मिशन शक्ति बालोद के तहत दिनेश्वरी सिंहा, राकेश सिंहा, डौंडी सेक्टर सुपोषण मित्र आशीष जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में 5 गर्भवती माताओं का गोदभराई, 4 बच्चों का अन्नप्राशन व 4 बच्चों को सुपोषण कीट का वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा व्यंजन प्रदर्शनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ दिलाया गया। अध्यक्ष द्वारा पोषण व स्वच्छता के महत्व पर संबोधन दिया गया, समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा रोल प्ले के माध्यम से कुपोषित बच्चे को सुपोषित किए जाने आंगनवाड़ी कार्यक्रम का संदेश दिया गया। सहायिकाओ की अथक मेहनत की प्रशंसा किया गया। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नूरेटी जी द्वारा पोषण जागरूकता एवं हितग्राही मूलांक कार्यक्रमों की परियोजना डोंडी1 में संचालन के लिए बाल विकास परियोजना की टीम को बधाई देकर प्रोत्साहित किया गया। मिशन गोद के तहत गोद लिए गये जनप्रतिनिधि का नाम वाचन किया गया। परियोजना

मिशन शक्ति बालोद द्वारा सखी वन स्टॉप के बारे मे जानकारी दी गई, बालसंदर्भ शिविर में स्वास्थ विभाग द्वारा कुपोषित 26 बच्चों की जांच की गई व दवाइयां वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की गई। परियोजना अधिकारी जागेश्वर सोरी द्वारा विभागीय जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक पुष्पा साहू, चित्ररेखा रजक, रेखा कौशल, हीरो साहू, सत्यवती चंद्राकर, माया देवी, तेजस्वनी सोनी व समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रधान पाठिका विमला कौर द्वारा शिविर में सक्रिय सहयोग दिया गया। जनांदोलन शिविर पूरे हर्षो उल्लास के साथ ग्रामीण महिलाओं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मनाया।

# राज्योत्सव आज से, अग्रवाल स्टेडियम में लोक कलाकारों की प्रस्तुति होगी धूम






**विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी में दिखेगी जिले की विकास यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह के भव्य एवं गरिमामय आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन अतिथि सत्कार एवं मंचीय कार्यक्रमों के पश्चात लोक कलाकारों एवं जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्रओं के द्वारा नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के द्वारा रविवार 02 नवंबर को शाम 05 बजे किया जाएगा। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रारंभ किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुर के नवचेतना फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा पहले दिन के आयोजन में सर्वप्रथम प्रस्तुति दी जाएगी।

इसके पश्चात जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के विद्यार्थियों के द्वारा बस्तर के जनजातियों के रीति–रिवाजों पर आधारित बस्तर दर्शन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम तुमड़ीसुर आदिवासी नृत्य दल के कलाकारों के द्वारा रैला नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंत में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पेंड्री के जवारा गुरप लोक कलाकारों के द्वारा ददरिया गीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा अपने–अपने विभागों के पण्डालों में विकास कार्यों पर आधारित विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला भाजपा बालोद के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अर्जुंदा के अध्यक्ष विश्वास गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन नगर अर्जुन्दा के ऐतिहासिक धरोहर भारतीय विद्यालय से आरंभ होकर कारगिल चौक में विराम हुई।

इस एकता के लिए आयोजित दौड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नगर के आस पास के सैकड़ों नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगर के प्रमुख चौक दाऊ पारा चौक, नंगारापाठ चौक, बजरंग चौक, बाजार चौक होते हुए भाजपा ध्वज हाथों में लिए सैकड़ों की में संख्या में दौड़ लगा रहे कार्यकर्ताओं के देश भक्ति के नारों एवं भारत माता व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयघोष से नगर का वातावरण देश भक्ति मय हो गया। मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने लौह पुरुष के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्टूबर 1875 – 15 दिसंबर 1950) एक भारतीय वकील, स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। जिन्हें भारत के एकीकरण में उनकी भूमिका के लिए ष्लौह पुरुष कहा जाता है। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ काम किए। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया, और 1947 में भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। उन्होंने 562 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत किया, जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में एकजुट किया गया।मंडल अध्यक्ष ने सभी का आभार वक्त करते हुवे कहा कि आज ऐसे महापुरुष की हम सब जयंती पर एकता की दौड़ में इतनी बड़ी संख्या में स्वस्फूर्त शामिल हुवे उसके लिए मैं आप सबका आभार व्यक्त करता हूं।




**रन फॉर यूनिटी में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही**

इस रन फॉर यूनिटी में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता के साथ वरिष्ठ नेता नरेश यद्धु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, चंद्रहास देवांगन, महामंत्री गुमान यादव, संजय साहू, प्रदीप साहू, पालेश्वर देशमुख, परमानंद देवांगन, निरंजन साहू, तेजराम साहू, हरीश साहू, रितेश देवांगन, चंगू यादव, गिरधर निषाद, पंकज चौधरी, राम मंडले, कमलेश साहू, ज्ञान सिंह ठाकुर, प्रमोद साहू, हेमंत सेन, बीरेंद्र देवांगन, प्रीतम निर्मलकर, बृजेश सोनी, असलम खान, खोमन चंद्राकर, छबि कोर्राम, विनोद सिन्हा, शिखर साहू, देवेंद्र यद्धु, तुलसी देशमुख, नंदकिशोर सिन्हा, उत्तम ठाकुर, रमेश सोनी, खोमन चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने जन्मदिन पर वृद्धाश्रम व आश्रमों में बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सेवा और समर्पण का संदेश देते हुए बालोद जिले के भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने जन्मदिन पर जिला मुख्यालय बालोद के आमदाबाद वृद्धाश्रम, जिला न्यायालय के समीप स्थित वृद्धाश्रम तथा घरौंदा आश्रम पहुँचकर वहाँ के वृद्धजनों व बच्चों के बीच कपड़े और मिष्ठान्न प्रदान किए।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर सुबह से ही अपनी धर्मपत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर व कार्यकर्ताओं के साथ वृद्धाश्रम पहुँचे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सभी बुजुर्गों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। जीवन में असली खुशी दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अपने क्षेत्र के सभी जरूरतमंदों की सेवा करता रहूँ। भाजपा नेता के इस मानवीय पहल से वृद्धाश्रम के निवासी भावुक हो गए।

एक वृद्धजन ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा पुष्पेंद्र चंद्राकर ने हमें सिर्फ कपड़े ही नहीं दिए, बल्कि अपनेपन का एहसास भी कराया। हम उन्हें दिल से आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने अपना जन्मदिन विभिन्न आयोजनों में शामिल होकर और समाजसेवा को समर्पित करके मनाया। दिन भर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा, लेकिन उनके इस विशेष दिन का मुख्य आकर्षण वृद्धाश्रम और दिव्यांग आश्रम में बच्चों के बीच समय बिताना रहा। उन्होंने पहले वृद्धाश्रम का दौरा किया, जहां बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत, वह मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के बीच पहुंचे। बच्चों के साथ बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर व भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने आश्वासन दिया कि वह वृद्धाश्रम की जरूरतों को पूरा करने के लिए भविष्य में भी हर संभव सहायता प्रदान करते रहेंगे। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मेरे लिए जन्मदिन मनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि मैं समाज के उन वर्गों के साथ समय बिताऊं, जिन्हें हमारी सबसे ज्यादा जरूरत है। इन चेहरों पर आई मुस्कान ही मेरा सबसे बड़ा उपहार है। उनके इस कदम की स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सराहना की है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष बालोद सरस्वती टेमरिया, रविन्द्र टेमरिया, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, उपसंचालक काव्या जैन, समाज कल्याण विभाग उपसंचालक अजय गेडाम, संदीप सिन्हा, पिंटू ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में पुष्पेंद्र चंद्राकर ने आमदाबाद वृद्धाश्रम में 8 महिला 6 पुरुष, जिला न्यायालय के समीप स्थित वृद्धाश्रम में 11 महिला 3 पुरुष तथा घरौंदा केंद्र में 20 पुरुष 23 महिलाओं को मुंह मीठाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।





# साहू समाज ने घायल व्यक्ति को दी 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**बालोद/सिकोसा ।** ग्रामीण साहू समाज कुरदी के द्वारा साहू समाज पदाधिकारीयो एवं समाज द्वारा बैठक कर अपने स्वेच्छनुसार सहायता पचीस हजार घायल व्यक्ति को प्रदान किया गया। जिसमें साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष चैतराम साहू, केसुराम साहू, ग्राम प्रमुख महेश साहू, नरेंद्र देवांगन, रीमन लाल साहू, पूर्व सरपंच संजय कुमार साहू, प्रीतम ठाकुर, कमल साहू, मूलचंद साहू, नेमचंद साहू, नीलू साहू, नरेंद्र साहू, भीखम साहू, प्रकाश साहू एवं अन्य ग्रामीण एवं सामाजिकगणों के द्वारा उनके घर पर जाकर सहायता राशि 25000 पच्चीस हजार रुपए उनके परिवार को सौंपा गया।



### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र होंगे राज्योत्सव के मुख्य अतिथि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पुराना गंज मंडी, गंजपारा परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में संशोधन किया गया है। अब स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

CH चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. : 7000627909, 07722296001
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
डॉ. सुधीर चटर्जी
MBBS, MD (Medicine)
CCEBDM (Diabetes)
डॉ. कृतिका चटर्जी
MBBS, MD (Pathology)
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रातः 11 से 5 बजे तक

# दूसरों की संपत्ति देखकर मन में बैर का भाव न रखें : पं. गजानंद द्विवेदी

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शिव-सती कथा का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

माताजी सरोज यादव की स्मृति में वार्ड क्रमांक 24 स्थित ब्राह्मण समाज भवन, न्यू बस स्टेशन में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में तीसरे दिन कथा व्यास पं. गजानंद द्विवेदी ने अपने प्रवचन में कहा कि किसी दूसरे की संपत्ति, धन, ऐश्वर्य या वैभव को देखकर मन में बैर या ईर्ष्या का भाव नहीं रखना चाहिए। भगवान ने हर व्यक्ति के भाग्य में जो लिखा है, वही उसे प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि जीवन में संतोष सबसे बड़ा धन है, इसलिए दूसरों की सम्पन्नता देखकर मन में द्वेष नहीं बल्कि प्रेरणा का भाव रखना चाहिए। भगवान के प्रति आस्था, कर्म के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से किया गया प्रयास ही जीवन को सफल बनाता है। कथा के दौरान पंडित द्विवेदी ने एक प्रेरक प्रसंग सुनाया। एक व्यक्ति को ऐसा शंख मिला जो इच्छा पूरी करता था, लेकिन मांगी गई वस्तु का दोगुना लाभ पड़ोसी को देता था। लोभ और ईर्ष्या के कारण वह व्यक्ति अंततः अपनी आंखें खो बैठा। यह कथा इस बात का प्रतीक है कि दूसरों के सुख से जलने वाला व्यक्ति स्वयं अपने सुख को खो देता है।





**शिव–सती से लेकर शिव–पार्वती विवाह तक का हुआ दिव्य वर्णन-** कथावाचक ने आज शिव–सती और शिव–पार्वती विवाह की अद्भुत कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राजा दक्ष के यज्ञ में अपमानित होकर सती ने अग्नि में देह त्याग दी थी। इसके बाद माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी बनाया। पंडित द्विवेदी ने कहा कि शिव–पार्वती विवाह ब्रह्मांड का अद्भुत विवाह है, क्योंकि यह विनाश और सृजन, विरक्ति और प्रेम दो विपरीत शक्तियों के मिलन का प्रतीक है। भगवान शिव की बारात का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि शिव बारात में भूत–प्रेत, पिशाच, यक्ष, गंधर्व सम्मिलित थे, जिससे वहां उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए।

## खबर संक्षेप



### अच्छे उत्पादन और समृद्धि की कामना के लिए ठाकुर देव की पूजा

**बालोद**। अच्छे उत्पादन, अन्न, लक्ष्मी प्राप्ति के लिए किसान, मजदूर और ग्रामीण गांव के ठाकुर देव जो बस्ती से दूर स्थापित है, एकत्रित होकर बैगा और गांव के सियान लोग पूजा कर अच्छी उत्पादन के लिए प्रार्थना किया जाता है। इसकी मूल भावना किसान मजदूर और मालिक घर खुशहाल रहे और आपस में एकता बनी रहे। पूजा में धान मिजाई से धान का रास बनाकर नापने और कोठी भरने की प्रकिया किया जाता है, उपस्थित लोगों चिला, नारियल आदि का प्रसाद वितरण किया जाता है। शहरों में इस प्रकिया का लोप हो रहा है, लेकिन नगर के पांडेपारा के अतिरिक्त नयापारा, शिकारी पारा, कुंदरुपारा, आमापारा में इसी प्रकार की पूजा आज भी होती है। दंतेश्वरी मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित हुए।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**बालोद**। साईकिल के माध्यम से अपने घर से गांव के दूसरे चौक जा रहे बुजुर्ग व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बुजुर्ग व्यक्ति का ईलाज के दौरान मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अकलवारा निवासी भोजराम साहू 80 वर्ष साईकिल के माध्यम से सुबह अपने घर से गांव के मुख्य मार्ग के दूसरी ओर स्थित अटल चौक तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से किसी अज्ञात वाहन साईकिल सवार बुजुर्ग को पीछे से ठोकर मारकर भाग गया। जिसके कुछ देर बार जब सड़क किनारे से गुजर रहे लोगों ने बुजुर्ग को घायल अवस्था में देखा तो बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ईलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई।

### बैठक 4 को

**गुरूर**। ग्राम पटेल संघ गुरुर की बैठक 4 नवंबर को रखा गया। सभी सदस्य को अपने ब्लड टेस्ट रिपोर्ट, आधार कार्ड का फोटोकॉपी, चार फोटो शुल्क लेकर उपस्थित होना है।

## निधन

### गजेंद्र चन्द्राकर



**अंडा**। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल निवासी गजेंद्र चन्द्राकर उम्र 48 वर्ष प्रधान पाठक रिसामा गांव में पदस्थ थे। जिसका 30 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके गृहग्राम कुथरेल के मुक्तीधाम में किया गया। वे संजना केशरी चन्द्राकर उनके पति जी थे।

## जयंती : सरदार पटेल की जयंती पर दिया एकता व समरसता का संदेश

# एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश को लेकर निकाली गई रन फॉर यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से रन फॉर यूनिटी (दौड़) आयोजित किया गया। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर तथा अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने हेतु प्रतीकात्मक रन फॉर यूनिटी (दौड़) का आयोजन किया गया।

रन फॉर यूनिटी (दौड़) प्रातः 07 बजे से सभी थाना/चौकी प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रें में जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षदगण, शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्रएं, शिक्षक/शिक्षिकाएं, युवा, समाजसेवी, पुलिस बल एवं आम नागरिक शामिल हुए।

बालोद शहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के नेतृत्व में एकता दौड़ हुआ। जिसमें जिला मुख्यालय के अधिकारी कर्मचारी समेत रेड क्रॉस स्कूली बच्चे शिक्षकगण एवं शहरवासी सम्मिलित हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकजुटता राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इस दौड़ में शामिल होकर हम न केवल फिटनेस का संदेश देते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, थाना, चौकी प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा विभिन्न स्कूल, कॉलेज मे रंगोली, चित्रकला, एवं खेलकूद प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विजेता बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों में "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।





**बच्चों को पुरस्कार से किया सम्मानित**

'पुलिस कार्यालय में बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के द्वारा रक्षित केंद्र में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान को याद करना ही नहीं, बल्कि उनके राष्ट्र एकीकरण के विजन को आत्मसात करना भी है। जिस अखंड भारत का सपना सरदार पटेल ने देखा था, उसे आज की युवा पीढ़ी इस कार्यक्रम के माध्यम से सजीव कर रही है। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बने हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, देशभक्ति और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करेगा।

बालोद पुलिस द्वारा जनसमुदाय को नशामुक्ति, सायबर सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के संबंध में बैनर, पोस्टर एवं संदेशों के माध्यम से जागरूक किया गया। अधिकारियों ने युवाओं को एकता, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए। इसके पश्चात थाना, चौकी परिसर तथा आसपास के क्षेत्रें में स्वच्छता अभियान चलाकर पुलिस जवानों द्वारा सफाई की गई।

# जिला सेन समाज का चुनाव संपन्न

## संतोष कौशिक ब्लाक बने ब्लाक अध्यक्ष

**डोंडी**। जिला सेन समाज बालोद अंतर्गत ब्लॉक डौंडी में आज ब्लाक सेन समाज चुनाव निर्विरोध रुप से प्रदेश अध्यक्ष पुनित सेन के अगुवाई में जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक के कुशल मार्गदर्शन में व जिला सेन पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें दुसरी बार उकारी निवासी संतोष कौशिक ब्लाक अध्यक्ष और सुरेन्द्र भारद्वाज को सचिव मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष कन्हैया लाल भारद्वाज सहसचिव लेखराम भारद्वाज तथा कोषाध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार भारद्वाज का मनोनयन किया गया। संरक्षक नोहर कौशिक महामंत्री उमेश सेन संगठन मंत्री के पद पर रजत सेन की नियुक्ति की गई कार्यकारिणी सदस्य, मनीष सेन प्रदीप सेन परख सेन भुषण सेन चंद्रसेन साथ हि मिडीया प्रभारी के रुप में सहदेव श्रीवास की नियुक्ति की गई। समस्त मनोनित ब्लाक पदाधिकारियों को जिला सेन समाज की ओर से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदेश अध्यक्ष पुनित सेन जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक जिला संरक्षक जगन कौशिक जिला महासचिव लोचन सेन जिला सचिव रामकुमार श्रीवास जिला कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास संगठन मंत्री संतोष श्रीवास जिला सहसचिव धनी राम कौशिक, जिला कार्यसमिति सदस्य टुमन कौशिक ओमप्रकाश कौशिक विजय सेन छोटु कौशिक डोमार कौशिक,के करकमलों से प्रदान किया गया। ब्लाक चुनाव में महिला सेन समाज से फुलकुवर भारद्वाज, हेमलता सेन, इन्दु भारद्वाज,पदमनी भारद्वाज, यमुना बाई सेन सहित अशोक भारद्वाज कैलाश भारद्वाज नारायन सेन, निमन कुमार, चतुर सेन, वेद लाल द्वारिका प्रसाद सोहन सेन लेख राम,उमेश सेन हुमन कौशिक,वतन कुमार,कुमेश सेन तिलक राम नुतन सेन योगेश्वर रुपेन्द्र सेन सहित पुरे डौंडी ब्लाक से सभी ग्रामों से बहुतायत संख्या में सेन समाज उपस्थित थे।

# जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक संतराम सेन हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। शुक्रवार को ही संध्या विदाई समारोह आयोजित कर सेन को विदाई दी गई। साथ ही नए अतिरिक्त शाखा प्रबंधक महेंद्र मढरिया का स्वागत किया गया।

■ महेंद्र मढरिया ने संभाला दायित्व

इस अवसर पर कुम्हली सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी तेजेंद्र पिपरिया और भरर सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी राजेश बंछोर मंचासिन रहे। सेवा निवृत्ति शाखा प्रबंधक संतराम सेन, प्रभारी शाखा प्रबंधक एमके मड़रिया, शाखा पर्यवेक्षक विरेन्द्र देशमुख, सहायक लेखापाल संजय चंद्राकर, समिति प्रबंधक कुम्हली अतुल वर्मा, समिति प्रबंधक बटरेल ख़ुमेश कुमार वर्मा, प्रबंधक भरर दानेश्वर साहू, प्रभारी जामगांव आर लक्ष्मी कुलदीप, अतिरिक्त ऑपरेटर हेमा चंद्राकर, लिपिक दिनेश चंद्राकर, होमेश यादव, तोरण वर्मा, प्राधिकृत अधिकारी कुम्हली तेजेंद्र पिपरिया, प्राधिकृत भरर राजेश बंछोर, सहायक प्रबंधक लेमन चापले, प्रभारी प्रबंधक रमेश साहू, नरेश यादव, कुलेश्वर यादव, टिकेंद्र कुमार, होरिलाल, शिव साहू तामेशावर जोशी, आदि समिति कर्मचारीयो ने भव्यता के साथ स्वागत किए। नए शाखा प्रबंधक महेंद्र मढ़रिया ने कहा कि श्री सेन के साथ काम करने का अवसर मुझे पूर्व में मिल चुका है। अच्छे व्यवहार के साथ दायित्वों का निर्वहन सीखने का मुझे भी अवसर मिला। निश्चित ही कोई शिकायत का मौका नहीं आए ऐसा हर संभव प्रयास किया जाएगा नए शाखा प्रबंधक ने सभी प्राधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सहयोग की अपेक्षा किए।

### ग्राम मेड़की में उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ आज

**बालोद**। ग्राम पंचायत ओरमा द्वारा आश्रित ग्राम मेड़की में उचित मूल्य दुकान के उपकेन्द्र का शुभारंभ 2 नवंबर को किया जाएगा। जिसमे दोपहर 3 बजे अतिथियो का आगमन होगा। दोपहर 3:15 बजे शासन के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत हितग्राहियो को जानकारी दी जाएगी। शाम 4 बजे अतिथियो का उद्बोधन होगा। शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ग्राम मेढ़की में किया गया है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर होंगी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी तोमन साहू करेंगे। अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू, सदस्य जनपद पंचायत बालोद मोहनीश पारकर, अध्यक्ष जुंगेरा भाजपा मंडल बालोद अरूण साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेड़की गुणवंत लाल श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जनपद सदस्य बालोद सीता यशवंत साहू, पूर्व जनपद सदस्य बालोद प्यारे लाल केशरिया, पूर्व जनपद सदस्य बालोद बंधु लाल यादव, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा किरण श्रीवास्तव, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा रूखमणी साहू, सेवा निवृत्त लेखापाल जनपद पंचायत बालोद धनराज साहू, सेवा निवृत्त दूरसंचार विभाग बालक साहू, सेवा निवृत्त वन विभाग बालोद टहल साहू उपस्थित रहेंगे।

# साक्षरता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. अंजना श्रीवास्तव को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पूर्ववर्ती दुर्ग जिले वर्तमान बालोद, बेमेतरा, दुर्ग जिला अंतर्गत 1990 से 2003 तक जिला साक्षरता समिति दुर्ग संचालित साक्षरता अभियान/उत्तर साक्षरता, सतत शिक्षा कार्यक्रम के साथ साथ संचालित परिवार परामर्श केंद्र में सहभागी होकर दिये गये। उत्कृष्ट व अनुकरणीय योगदान के लिये डॉ. अंजना श्रीवास्तव को साक्षरता मित्र मंच द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम जैन भवन, सेक्टर 6, भिलाई में कीर्तिशेष कामता प्रसाद साहू सम्मान प्रदान किया गया। उन्होने बताया कि 1990 के दशक में पूर्ववर्ती दुर्ग (अब दुर्ग, बालोद व बेमेतरा) जिले में साक्षरता अभियान का संचालन सफलतापूर्वक किया गया था। जिला साक्षरता समिति के द्वारा संचालित इस अभियान के साथ साथ विशेष स्वास्थ्य, वॉटर शेड प्रबंधन, मितानीन, जनशाला जनकल्याण की परियोजनाओं कार्यक्रमों को जोड़कर व्यापक जनभागीदारी जन-जीवन की बेहतरी के प्रयास किए गए थे। उक्त कार्यक्रम में कामता प्रसाद साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनके सम्मान में साक्षरता मित्र मंच द्वारा साक्षरता मित्र सम्मान व कीर्तिशेष कामता प्रसाद साहू सम्मान का आयोजन किया गया। उक्त पुरस्कार पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, पद्मश्री शमशाद बेगम, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा व कामता प्रसाद साहू के पुत्र शिवेन्द्र बहादुर साहू द्वारा प्रदान किया गया। इस गौरवशाली आयोजन के लिये कामता प्रसाद साहू के परिजनों पत्नी खिलेश्वरी साहू, पुत्रवधु निशा साहू, पुत्र शिवेन्द्र बहादुर साहू, हेमांगी साहू, ओम साहू ने साक्षरता मित्र मंच का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस सराहनीय पहल हेतु छग पेंशनर्स समाज डौंडीलोहारा , छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ डौंडीलोहारा, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएसन डौंडीलोहारा, शिक्षक फेडरेशन डौंडीलोहारा, नवीन शिक्षक संघ डौंडीलोहारा, तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, रेड क्रास सोसायटी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी , संकुल केंद्र बड़गांव, सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपार हर्ष व्यक्त किया।

■ पूर्ववर्ती दुर्ग जिले में साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य व जनकल्याण कार्यक्रमों में दिया था अनुकरणीय योगदान




### राज्योत्सव के मुख्य अतिथि होंगे डोमनलाल

**बालोद**। सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित होने वाली जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि के नाम को संशोधित किया गया है। इसके अंतर्गत पूर्व में जारी किए गए आदेश के तहत स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया था। जिसे संसोधित कर अब अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ओटेबन्द मंदिर प्रांगण से रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, गुलशन हिरवानी मंडल महामंत्री द्वय तुलेश्वर चंद्राकर हेमंत साहू सरपंच गण इंद्रजीत चंद्राकर महेंद्र साहू, हेमंत साहू, पुखराज निर्मलकर अवधेश यादव मनोज खरे रविंद्र देशलहरे खेमन चंद्राकर दीनदयाल साहू कुलेश्वर देवांगन हितेश निर्मलकर उत्तम साहू दुजराम, कोमल निर्मलकर, अनूप साहू, पवन साहू, मनीष बंजारे,सुनील साहू, डेमन देशमुख व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से- 2 मई से 9 मई 2026
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/ [+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



21 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)